सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

29 आषाढ़, 1933 (श०)

बुधवार, तिथि ——————

20 जुलाई, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—147

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | .. | 68 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 30 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | .. | 13 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 19 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | . | .. | 11 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग | 147 |

## सड़क चौड़ीकरण

*117. श्री रामदेव महतो-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला मुख्यालय से फोरलेन सकरी तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिक वाहन के आवागमन के कारण आये दिन उक्त सड़क पर दुर्घटना होती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कर चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

------------

## कार्रवाई करना

*118. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय-- क्या मंत्री, श्रम संसधान विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला कोषागार, वैशाली से अनियमित निकासी की पुष्टि जांचोपरान्त होने के बाद जिला पदाधिकारी, वैशाली के पत्रांक 1262, दिनांक 27 अगस्त, 2007 द्वारा दोषी कर्मियों पर कार्रवाई हेतु निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना को लिखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, वैशाली के पत्र के आलोक में श्रम संसाधन विभाग के पत्रांक 2274, दिनांक 3 जुलाई, 2007 द्वारा प्रपत्र ''क'' गठित किये जाने के बावजूद भी अभीतक अनियमित निकासी की वसूली एवं दोषी कर्मियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनियमित निकासी की वसूली करते हुए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## योजना पूर्ण करना

*119. श्री सदानन्द सिंह-- क्या मंत्री, जल संसधान विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव के बटेश्वर स्थान गंगा पम्पिंग योजना का निर्माण कार्य वर्ष 1980 में प्रारंभ किया गया था, जो अभीतक निर्माणाधीन है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना को पूर्ण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पथ का निर्माण

*120. मो० आफाक आलम-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा नगर पंचायत अन्तर्गत रानी सती मंदिर चौक से पश्चिम रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क तथा नेहरू चौक स्थित शिव मंदिर आर्य नगर हाट होते हुए कसबा रेलवे स्टेशन तक की सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*121. श्री अरूण शंकर प्रसाद-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के सुक्की गांव के पास कमला नदी के प्राकृतिक बहाव के रुख को मोड़कर नवनिर्मित साईफन होकर बहाव को मोड़ा गया है, जिसमें सैकड़ों एकड़ किसानों के निजी उपजाऊ भूमि का उपयोग किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उपयोग में लाये गये किसानों के भूमि का आजतक अधिग्रहण भी नहीं किया जा सका है, जिससे किसानों को उसके भूमि का मुआवजा नहीं मिल सका है;

(3) क्या यह बात सही है कि किसानों को जमीन का मुआवजा नहीं मिलने से सैकड़ों किसानों की आर्थिक हालत दयनीय हो गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त भूमि का अधिग्रहण कर किसानों का मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्य पूरा करना

*122. श्री अजीत कुमार-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के मरवन प्रखंड अन्तर्गत भटौना गांव के पास ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कदाने नदी पर एक करोड़ रुपये की लागत से एक पुल का निर्माण वर्ष 2007 से कराया जा रहा है, जो आज भी आधा अधूरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण उक्त इलाके के पांच पंचायतों के लोगों की आवागमन पूरी तरह प्रभावित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क से जोड़ना

*123. श्री अमर नाथ गामी-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के पी०डब्ल्यू०डी० रोड नारी बाँध से अतहर उत्तरी चौक तथा शिवराम पंचायत के सीता चौक से चंदमान गांव को अभीतक सम्पर्क सड़क से जोड़ा नहीं गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गांव को सम्पर्क सड़क से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ की मरम्मती

*124. श्री अरूण कुमार सिन्हा-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के सैदपुर नहर से गायघाट तक का सड़क काफी जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 125. श्री छेदी पासवान--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 15 मार्च, 2011 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य योजना के अन्तर्गत मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना से 500 से 999 तक की आबादी वाले बसावटों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने की योजना है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियां प्रखण्ड में 500 से 999 की बसावटों को जोड़ने वाली अर्द्धनिर्मित सड़क एन०एच० 30 से हरनाथपुर, मोहनियां रामगढ़ पथ से लरियांओर कुदरा प्रखण्ड में कुदरा परसथुआ पथ से जगदीशपुर एवं कुदरा परसथुआ पथ से पीपरा बारहमासी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

केन्द्र खोलना

* 126. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर, बिहपुर एवं खरीक प्रखण्ड है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों प्रखण्डों में एक भी आई०टी०आई० केन्द्र नहीं है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्र एवं छात्राएं प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में आई०टी०आई० केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

* 127. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावां विधान-सभा क्षेत्र के अस्थावां प्रखण्ड के ग्राम शहबाजपुर से ग्राम कोईरीबीघा के बीच कच्ची सड़क रहने के कारण वाहनों की आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक, करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का पक्कीकरण

* 128. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के सोनवर्षा महादलित टोला से दिग्वेय टोला, मास्को टोला एवं वेदा बाबू का टोला होते हुए मंडल टोला के पास प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क पहुँच पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि महादलित परिवार के लिए अभी भी पहुँच पथ पर जाने के लिए सड़क का पक्कीकरण या कालीकरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

* 129. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवर्षा चौक से सोनवर्षा बाजार स्थित झिमनढी तक की सड़क विगत 10 वर्षों से मरम्मती नहीं करने के कारण अत्यंत जर्जर स्थिति में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

* 130. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के मीठापुर रेलवे क्रॉसिंग तथा गया लाईन गुमटी पर रेलवे ऊपरी पुल एवं सम्पर्क पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2007 ई० में शुरू हुआ था एवं इसे मार्च, 2010 ई० तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था ;

(2) क्या यह बात सही है कि मीठापुर रेलवे क्रॉसिंग पर बने रहे पुल एवं सम्पर्क पथ का मात्र 80 प्रतिशत एवं गया लाईन गुमटी पर बने रहे पुल का 25 प्रतिशत ही निर्माण कार्य अबतक सम्पन्न हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त रेलवे ब्रिज एवं सम्पर्क पथ का निर्माण पूरा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क को जोड़ना

* 131. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसमौर प्रखण्ड के अन्तर्गत सीतामढ़ी मोड़ से सीतामढ़ी थाना तक एवं नादगढ़ ऑगनबाड़ी केन्द्र के पास से बोधिबोधा मोड़ तक तथा बोधिबोधा स्कूल से बेलमान मोड़ तक कच्ची सड़क है, जिससे यातायात एवं वाहनों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित कच्ची सड़क को पक्कीकरण करते हुए बेलमान मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गेट का निर्माण

* 132. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखण्ड के तिलकधारी बिगहा के पास देशी नाला में निगरैन के सामने स्लूईस गेट नहीं रहने से सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर देशी नाला में स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

* 133. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सरैया से मोतीपुर 30 कि०मी० सड़क विगत् 10 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ का पक्कीकरण

* 134. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के गुरारू रफीगंज रोड से इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन तक ग्रामीण कच्ची पथ का पक्कीकरण नहीं होने से बरसात में आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ का निर्माण

* 135. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड अंतर्गत शिवगंज, बहलीला, रसलपुर, बदलविगहा होते बंगला पर जाने वाला ग्रामीण पथ की स्थिति अति जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

* 136. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया एवं गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर को जोड़ने वाली पथ में गंडक नदी के 70 घाट पर पुल नहीं होने से आवागमन बाधित रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक, उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्कीकरण कराना

*137. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंडान्तर्गत उर्दिना से धुंधुआ, नार्थ कोयल आर०डी० 110 पाण्डेयपुर पुल से बाधी-मांगी, हसनपुन, झारखण्ड सीमा तक टोल ढ़ंगा से बेलवा-करमा पी०एम०जी०एस०वाई० रोड तक, बड़की सलैया स्टेशन से विश्रामपुर तक नवीनगर-सिरीस पथ के महादेव घाट से अर्जनिया होते हुए अंकोरहा रेलवे स्टेशन तक, राजपुर से साया रूपण बिगहा, थुम्भी, बैरिया चरण रोड तक, सिरीस चरण रोड से सिलौजा तक सड़कों के जर्जर व कच्ची होने के कारण आम जनता को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का पक्कीकरण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण कराना

*138. श्री विभाषचन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2008-09 में (1) रघुचौक से लक्ष्मीपुर ग्राम होते आजमपुर शंकर बांध तक (11) मैसदीयरा इमली चौक से गौनियां रेलवे ढ़ाला तक एवं ककरजन्ना पुल से मंदारतल ग्राम तक सड़क निर्माण हेतु योजना स्वीकृत होकर टेंडर की प्रक्रिया तथा एकरारनामा भी होने के बावजूद संवेदक द्वारा मिट्टी का कार्य को भी पूर्ण नहीं किया है एवं सड़क निर्माण कार्य बिल्कुल बंद है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त सड़क निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*139. श्री गोपाल जी ठाकुर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बेनीपुर से मनीगाछी जाने वाली आर०ई०ओ० सड़क अत्यंत जीर्ण अवस्था में है, जिसकी मरम्मती विगत बीस वर्षों से नहीं की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*140. डॉ० प्रमोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2005-06 से 2010-11 तक भभुआ विधान-सभा क्षेत्र के लिए 6 करोड़ रुपये सरकार द्वारा विधायक मद में आवंटित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन माननीय विधायक द्वारा वर्ष 2005-06 में अनुशंसित योजनाएँ भी अभी तक शुरू नहीं की गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन माननीय विधायक ने योजनाओं को पूर्ण कराने के लिये लगातार उप-विकास आयुक्त, कैमूर को मौखिक एवं लिखित अनुरोध किया परंतु योजनाओं की शुरुआत तक नहीं की गयी;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भभुआ विधान-सभा क्षेत्र में 2005-06 से 2010-11 तक के विधायक मद की योजनाओं को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*141. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड के प्रेमनगर ग्राम में लखनदेई नदी पर स्लुईसगेट है जिसका नाला विगत 10 वर्षों से ध्वस्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निकासी की व्यवस्था

*142. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पंचायत शम्भु पट्टी, कर्पूरी ग्राम, रूप नारायणपुर बेला, चन्दौली के बीच वाले चौर में भारी जल-जमाव रहने के कारण कृषि कार्य बाधित रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त चौर से जल निकासी की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का जीर्णोद्धार

*143. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखण्ड में ग्राम- मांझा थाना से परशुरामपुर तक और ग्राम जगरनाथा एन०एच० 28 से गौसियां सारण बांध तक जाने वाली दोनों प्रमुख सड़कें ग्रामीण कार्य विभाग की पुरानी सड़कें हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

सड़क का निर्माण

*144. डॉ०नरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत ग्राम एकवारी ईमली से मिसरीचक, पतरियां, नवादा और बशेडिहरी से बिहार स्टेट हाईवे तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर है, जिससे हजारों जनता के आवागमन बाधित हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है यदि नहीं, तो क्यों?

सड़क की मरम्मती

*145. श्री जितेन्द्र कुमार राय-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत नगरा प्रखण्ड में शाहपुर से नगरा बाजार तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गयी है, जिससे इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*146. श्री जवाहर प्रसाद-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम प्रखण्ड में स्थित अमरा तालाब से अकोढ़ी गोला जाने वाली रोड अत्यन्त ही जर्जर हो गई है जिससे आये दिन दुर्घटना होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*147. श्रीमती रेणु देवी-- स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक, 8 जून, 2011 को प्रकाशित ''ई-शक्ति को यू०आई०डी० का ग्रहण शीर्षक'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ''ई-शक्ति परियोजना का शुभारंभ फरवरी, 2009 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसके तहत पटना में 10 लाख स्मार्ट-कार्ड बनाकर छोड़ दिया गया एवं अन्य जिलों में इसे चालू ही नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ''ई-शक्ति'' परियोजना चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गेट का निर्माण

*148. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत बथुआरा पंचायत के मुजलिया गांव होकर बहने वाली हरदी नदी में वर्ष 1995 में स्लूईस गेट का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 में आयी भीषण बाढ़ में यह स्लूईस गेट ध्वस्त हो गया जिसका निर्माण अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कैडर बनाना

*149. श्रीमती रेणु देवी--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 11 जून, 2011 को प्रकाशित ''अब इंजीनियरों का भी कैडर बनेगा'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में विभाग के अधीन 88 हजार कि०मी० ग्रामीण सड़कों का निर्माण करने की घोषणा की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों के निर्माण हेतु विभाग के पास अपने अभियंताओं का कोई कैडर नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अभियंताओं का अपना कैडर (सम्वर्ग) बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*150. डॉ० श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखण्ड अंतर्गत ढ़ाढ़र नदी से निकलने वाली पतैया से गोपल केड़ा राघोपुर वड़ैला जपरैन पईन का जीर्णोद्धार कार्य विगत 25 वर्षों से नहीं होने के कारण इसकी स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो गई है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

सड़क की मरम्मती

*151. ई० अजीत कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ-77, मुजफ्फरपुर से लेकर हाजीपुर तक 45 कि०मी० सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण उत्तर बिहार की बड़ी आबादी का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गयी है, वहीं तीन माह के अंदर दो दर्जन बड़ी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती जनहित में कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्य पूरा कराना

*152. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत परसौनी प्रखंड के रमणी मध्य विद्यालय से हरपुर प्राथमिक विद्यालय तक की सड़क का कार्य पूर्ण करना दिनांक 27 जुलाई, 2011 तक है, परन्तु अभीतक उक्त पथ में सिर्फ मिट्टी भराई का कार्य ही सम्पन्न हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का कार्य पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

पथ का निर्माण

*153. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखंड अधीन संझाघाट से भाया पटेलनगर पासवान टोला होते हुए दमैली पीच रोड दो प्रखंडों को जोड़ने वाली अतिमहत्वपूर्ण पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि 29 मई, 2010 को संझाघाट ग्राम में आयोजित विश्वास यात्रा के क्रम में मुख्य मंत्री, बिहार द्वारा इस पथ की निर्माण की घोषणा की गई थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*154. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के लदौरा से गंगोरा तक की सड़क का निर्माण कार्य की स्वीकृति 2003 में दी गई थी जिसपर अधीतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*155. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखंड एवं बारसोई प्रखंड के कानवोई, मानमन, लहगरिया, सिंदन, धचना रावटोली ग्रामों में सूधानी नदी के तेज बहाव के कारण कटाव हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कटाव रोकने की दिशा में कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*156. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड मुख्यालय के बगल में अवस्थित पी०डब्लू०डी० की रेस्ट हाउस एवं उसके परिसर की एक एकड़ जमीन को असामाजिक तत्वों ने वर्ष 1990 से कब्जा कर रखा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमित जमीन को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिथिशाला का जीर्णोद्धार

*157. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत खोदावन्दपुर प्रखंड में एक मात्र अतिथिशाला का निर्माण 80 के दशक में हुआ था, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिथिशाला का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथों की मरम्मती

*158. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के खगौल-उसरी पथ, उसरी-हनुमानगंज पथ एवं महुआबाग-रूपसपुर पथ विगत पांच वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिससे वहां के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बांध की मरम्मती

*159. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अदापुर प्रखंड के बारवाडीह पोखरिया ग्राम के नजदीक बंगरी नदी के बांध वर्ष 2009-10 में टूट गया है, जिसकी मरम्मती अभीतक नहीं की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बांध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*160. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी प्रखंड के ग्राम मुकुन्दपुर से ग्राम गोरगामा घाट तक मात्र डेढ़ की०मी० सड़क अत्यधिक खराब स्थिति में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ से जोड़ना

*161. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के भोराही, उजीयारपुर, भटौली, रतनदंडी सहित कई गावों में सम्पर्क पथ का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जगदीशपुर प्रखंड के उक्त गांवों को सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, हां,तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू कराना

*162. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर विधान-सभा के सोनपुर एवं दिघवारा प्रखंड के 95 प्रतिशत राजकीय नलकूप विगत दो वर्षों से बन्द पड़े हुए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय नलकूप बंद पड़े रहने के कारण किसानों को सुखाड़ का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े राजकीय नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है , नहीं, तो क्यों ?

---------

उपाय करना

*163. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत बकरा नदी के पीरगंज घाट पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल नदी के कटाव से ध्वस्त होने की स्थिति है, यदि हां, तो सरकार उस पुल को बचाने के निमित कौन-सा उपाय करने का विचार रखती है ?

---------

चालू करना

*164. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के पड़वा बेलही पंचायत में एक नया तथा दो पुराना राजकीय नलकूप है जिससे सिंचाई कार्य नहीं हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक तीनों राजकीय नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*165. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अन्तर्गत एन० एच० 30 से गंजभड़सरा तक का ग्रामीण पथ बौसी कला, बौसी खुर्द, गंजभड़सरा इत्यादि गांवों के लोगों का आवागमन का एक मात्र पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में उक्त पथ में कीचड़ हो जाने से उस क्षेत्र के लोगों को गंजभड़सरा बाजार अथवा एन० एच० 30 पर पैदल आना कठिन हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*166. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के गुरारू रफीगंज रोड प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बरोरह पथ का निर्माण विगत् पांच वर्ष पूर्व किया गया था, जो पूर्णतः जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सम्मिलित करना

*167. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत ए०बी०एम० किटी रोड का हस्तांतरण ग्रामीण कार्य विभाग से पथ विभाग को वर्ष 2000 में निर्माण हेतु कर दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार विभाग के सूची में उक्त सड़क को सम्मिलित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

सुधार करना

*168. डॉ० अच्युतानन्द--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 13 अप्रील, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''30 जिलों में आधा से ज्यादा आबादी गरीब'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 38 जिलों में से 30 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक की आबादी गरीबी रेखा से नीचे गुजर करती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार गरीबों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*169. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के अथरी हाई स्कूल से महिसार तक 1 कि० मी० तक मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् वित्तीय वर्ष 2008-09 में प्राक्कलित कुल 90 लाख रु0 की राशि द्वारा कार्य कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना में प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसकी शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सीतामढ़ी को 6 माह पूर्व दिया गया लेकिन अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*170. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखण्ड के ग्राम डिहुरी एवं बदउआँ के पास ढ़ाढ़र नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*171. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत नाजीरपुर मध्य विद्यालय से कपसिया जाने वाली ग्रामीण सड़क में जीवछ नदी पर एवं कनैल से लोहा जाने वाली सड़क में ध्वस्त पुल का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में उक्त पथ पर आवागमन बिल्कुल बाधित हो जाता है, यदि हां तो क्या सरकार उक्त पथों पर अवस्थित पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथों का निर्माण

*172. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के आन्दर प्रखण्ड मुख्य रघुनाथपुर मार्ग से असाव तीयर तक एवं पतार बाजार से चकरी पथ के आन्दर प्रखण्ड में सीवाना तक, गुठनी प्रखण्ड के नारीमिया के फुलवारी से गयासपुर तक, बलुआ बाजार से खिरौली गुठनी दरौली मुख्य पथ तक रोड जर्जर है जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीवान जिला के उक्त प्रखण्डों के पथों का निर्माण जनहित में कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*173. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत कुचाईकोट प्रखण्ड के राज सगवाडीह पंचायत के ग्राम साहपुर पकड़ीहार स्थित चौपहा घाट के पास झरही नदी पर पुल नहीं है, जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को काफी कठिनाइयां होती है, यदि हां, तो सरकार उपरोक्त झरही नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*174. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया प्रखण्ड में मुख्य मंत्री ग्राम-सड़क योजना के अन्तर्गत सिरमी से अंधरवाड़ी, फरिदनपुर अरदेवा पथ का निर्माण कार्य हेतु संवेदक द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर, 2007 को एकरारनामा किया गया, लेकिन अभीतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*175. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत भलुआ से हेटुआ सिसराढ़ तक प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित पथ की हालत जर्जर हो गयी है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़कों का पक्कीकरण

*176. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा विधान-सभा क्षेत्र के रोसड़ा सिनेमा चौक से अनुमंडल मुख्यालय, दुधपुरा तक, टोकना मठ से भोहड़ा भटण्डी तक एवं भीरहा से धर्मपुर तक का सड़क जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सालों भर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*177. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत् प्रखण्ड एवं अंचलों के भवन निर्माण का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक किसी प्रखण्डों एवं अंचलों में उक्त योजनाओं के तहत् भवन निर्माण या जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना के तहत् राज्य के जरूरतमंद प्रखण्डों एवं अंचलों में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का चौड़ीकरण

*178. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत पथ निर्माण विभाग की सड़क ग्वाल टोली से कुशियाहाट को जोड़ती है, जिसकी चौड़ाइयां 10½ फीट है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वीकृत करना

*179. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई लक्खीसराय जिला में आंजन जलाशय योजना के डैम्प स्लीपवे तथा क्षतिग्रस्त नहरों के पुनर्स्थापन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2009-10 में दी गयी है, लेकिन उक्त जलाशय योजना का दायां मुख्य नहर जो 1235 एकड़ भूमि को सिंचित करती है, की स्वीकृति नहीं दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि दायां मुख्य नहर के क्षतिग्रस्त नहरों के मरम्मत पुनर्निर्माण नहीं होने के कारण वहां के किसान भूखे मरने की स्थिति में आ गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आंजन जलाशय योजना के दायां मुख्य नहर को स्वीकृत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*180. श्री संजय कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत राजापाकर प्रखण्ड के अधीन हाजीपुर-महुआ मार्ग के बीच सनीपोखर चौक के वीरकुंवर सिंह द्वार से लमुरांव गांव होते हुए मिलन्दपुर ग्राम के नागेन्द्र राय के घर तक की ग्रामीण पथ अत्यंत खराब है जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार उक्त ग्रामीण पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

डाकबंगला का जीर्णोद्धार

*181. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड मुख्यालय में जिला परिषद् का बंगला है जिसकी स्थिति काफी जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त डाकबंगला का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क से जोड़ना

*182. श्री उमाकांत यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के छौरही एवं तिरहुता गाँव की आबादी सात हजार से ऊपर है लेकिन अभीतक उक्त ग्राम को मुख्य सड़क से जोड़ा नहीं गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों ग्रामों को मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का चौड़ीकरण

*183. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत से सकसोहरा एन० एच० 30ए पथ सिंगल लेन है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ को लोक निर्माण पथ से एन० एच० 30ए में परिवर्तित हुए 8 से 10 वर्ष हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*184. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत निलाजन नहर पर घोड़ा घाट एवं निलाजन नहर के बगाही ब्रांच में मोजमा के पास नहर में पुल नहीं है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थलों पर पुल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*185. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत एन० एच० 84 सासाराम से कटेया बिहियां चौक पथ का निर्माण कार्य अप्रील, 2011 में प्रारंभ किया गया है, लेकिन कटेया से बिहियां चौक जो बिहियां बाजार एवं बिहियां स्टेशन जाती है, जर्जर अवस्था में है उसे छोड़ दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क के शेष बचे भाग का भी निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*186. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखण्ड कोचाधामन अंतर्गत ''मौधी से हसन डुमरिया'' जाने वाली सड़क की लम्बाई 02 कि०मी० है, एक कि०मी० सड़क का पी०सी०सी० निर्माण वर्ष 2010 में पूर्ण हो गया शेष का निर्माण राशि अभाव के कारण नहीं हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क 50 हजार की जनसंख्या को प्रखण्ड मुख्यालय से जोड़ती है, शेष भाग का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शेष सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*187. श्री उमाकांत यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के रहिकपुर से मरूकिया गाँव की दूरी 02 कि० मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के ग्रामवासी को सड़क के अभाव में बरसात के दिनों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*188. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारूण प्रखण्ड में पुनपुन घाट पौथु से फेसरा धर्मपुरा तक, बारूण दाउदनगर रोड से सिमरा तक चिरैला हॉल्ट से सतुआही करमा, परशुरामपुर तक, धर्मपुरा से कतया होते हुए करहारा तक, कॉंस से रतनपुरा तक, नवीनगर बारूण पथ शोभे खाप से बगहा स्टेशन तक, खण्डा से मितराज, महथा, रामगुलाम विगहा तक, बारूण दाउदनगर पथ से पिपरपाती, जानपुर, कटहा तक, बारूण केशवपुर से महुअरी भाया गोठौली, धुरा तक जर्जर सड़कों का पक्कीकरण नहीं होने के कारण आम जनता को कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूपों की मरम्मती

*189. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में 26 राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से बन्द पड़े हैं, जिससे 5 हजार एकड़ भूमि में सिंचाई कार्य अवरुद्ध है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त नलकूपों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*190. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली में कोबैया बाजार नहर चौक से दुमदुमवा जानेवाली नहर के दक्षिण किनारे वाला सड़क की स्थिति अत्यंत जीर्ण-शीर्ण है, जिससे आवागमन एवं परिवहन में घोर असुविधा का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर का जीर्णोद्धार

*191. डॉ० नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज सिंचाई कार्य प्रमंडल के शहरी गांव से डुमरांव बड़ी लाईन से निकली करथ राजवाहा (छोटी नहर) जो भोजपुर जिला अन्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय तरारी को जोड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छोटी नहर का सफाई 10 वर्षों से नहीं होने के कारण सिंचाई हेतु पानी प्रखंड मुख्यालय तरारी तक नहीं आता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार करथ राजवाहा (छोटी नहर) को पूर्ण सफाई एवं जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*192. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क दैता बांध पथ काफी जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दैता बांध पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्पीड ब्रेकर को हटाना

*193. श्री रामेश्वर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 10 जून, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''ब्रेकर पर बाईक उछली गया के तीन की मौत'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह थाना के दधपी गांव के समीप सड़क पर निर्मित स्पीड ब्रेकर के कारण गया जिले के तीन युवकों की मृत्यु दिनांक 9 जून, 2011 को हो गयी इसके पूर्व एक दर्जन से अधिक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो खण्ड (1) में वर्णित स्पीड ब्रेकर को हटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*194. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के सुगौली पंचायत के दामोदरपुर भगवती स्थान से चकबीदुलीया के श्री विभुतिचन्द मिश्र के घर तक सड़क जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सालों भर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है, जिससे आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल की मरम्मती

*195. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम प्रखण्ड के सासाराम-तिलौथू मार्ग के धौडांड पंचायत के काव नदी पर स्थित लोहवा के पुल का निर्माण 1908 में हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल अति जर्जर होने के कारण आवागमन बाधित हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल की मरम्मती करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*196. डॉ० प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के संकल्प सं० 889, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा आदेश निर्गत किया गया कि किसी भी पदाधिकारी को लिखे गये पत्र से संबंधित सूचना 15 दिनों और उसपर कृतकार्रवाई से 30 दिनों में माननीय सदस्य को अवगत कराना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-विकास आयुक्त, कैमूर से मार्च, 2011 में योजनाओं के संबंध में सूचना मांगी गयी थी, परन्तु उप-विकास आयुक्त द्वारा सूचना आजतक उपलब्ध नहीं कराई गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि उप-विकास आयुक्त द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की सूचना मुख्य सचिव, बिहार सरकार को भी अप्रैल, 2011 में दी गयी, परन्तु फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त सूचनाओं को कबतक उपलब्ध कराने एवं उक्त संकल्प का उल्लंघन करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई का विचार रखती है ?

पथ का निर्माण

*197. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में एन०एच०-28 भेसड़ा चौक से पंचमिडिया ग्राम होते हुए त्रिवेणी महादलित बस्ती तक जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यन्त जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

सड़क का निर्माण

*198. श्री अमर नाथ गामी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट गुमती से हथौड़ी भाया बहेड़ी सड़क जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के जर्जरता के कारण हायाघाट और बहेड़ी प्रखण्ड के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

पुल का निर्माण

*199. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला आजमनगर प्रखण्ड अन्तर्गत खरसौता पंचायत में हंसोपाड़ा धार पर पुल का निर्माण नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि हांसोपाड़ा पुल के अभाव में पहाड़पुर, परिहार, खुरियाल, हांसोपाड़ा, खरसौता, दमाईपुर, कोल्हन, ब्रह्माईन, कुसौल, कन्दौल टिटियाराही, पासोल तथा खुदागंज के 12 हजार नागरिकों के सामने आवागमन में कठिनाई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हांसोपाड़ा पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

पथ का अधिग्रहण

*200. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कराय परशुराय प्रखण्ड में पथ निर्माण विभाग का एक भी सड़क नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा एवं पटना जिला को जोड़ने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की महत्वपूर्ण सड़क पभेड़ी मोड़ से कराय-हियावां पथ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महत्वपूर्ण पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

सड़क का निर्माण

*201. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखण्ड के सेमापुर से कुशवाहा टोला, मुसहरी टोला, मंडल टोला, मुस्लिम टोला होते हुए मधुरा ढाला तक सड़क काफी जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी असुविधा होती रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

मजदूरी की व्यवस्था

*202. श्री तार किशोर प्रसाद—स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 27 अप्रील, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''बारह घंटे काम, 12 रुपये ईनाम'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार की न्यूनतम मजदूरी नीति के तहत कुशल मजदूरों को 159 रुपये, अर्द्धकुशल को 130 रुपये और अकुशल मजदूरों को 125 रुपये न्यूनतम मजदूरी देने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित बेऊर, आदर्श केन्द्रीय कारागार सहित राज्य के सभी सेंट्रल जेलों में काम करने वाले कुशल श्रमिक कैदी को 12 रुपये, अर्द्धकुशल को 10 रुपये तथा अकुशल कैदियों को 8 रुपए दिए जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मजदूरी नीति के तहत श्रमिक कैदियों को भी न्यूनतम मजदूरी देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

भवन का निर्माण

*203. श्री शिवजी राय—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखण्ड में प्रखण्ड कार्यालय एवं आवासीय भवन को उग्रवादियों द्वारा वर्ष 2005 में उड़ा दिये जाने के फलस्वरूप पदा० एवं कर्मचारियों के लिए भवन नहीं है जिसके चलते सरकारी कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रखण्ड कार्यालय एवं आवासीय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

सड़क का निर्माण

*204. श्री जनार्दन मांझी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाराहाट में सबलपुर पंचायत के ग्राम बाजरा को सम्पर्क पथ नहीं रहने से ग्रामीणों को प्रखण्ड मुख्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में कबतक बाजरा ग्राम को सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

पुल का निर्माण

* 205. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत ग्राम बिस्फी स्थित मोते नाजे नदी पर पुल नहीं होने से बरसात के दिनों में उक्त गाँव का सम्पर्क मुख्य पथ से बिल्कुल टूट जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड-1 का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

* 206. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी मुख्यालय से कोतवाली चौक से भौरघाट जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गया है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

* 207. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखण्ड के लहठान, राजवाहा में पुल नहीं रहने के कारण लहठान, सलाखाना, धनपुरा सहित कई गांवों को यातायात में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

* 208. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखंड शम्भूगंज के पौकरी गढ़ी, मोहनपुर के बढ़ुआ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण नागरिकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार बढ़ुआ नदी पर पुल निर्माण कराकर आवागमन को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी पहुँचाने की व्यवस्था

* 209. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मुख्य नहर से तेजपुरा लॉक से जो माली रजवाहा निकलती है, जिसमें 25 वर्षों से अंतिम छोर तक नहर का पानी नहीं पहुँचने से हजारों एकड़ जमीन असिंचित रह जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार अंतिम छोर तक नहर में पानी पहुँचाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

* 210. श्री रामलषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत राज नगर प्रखण्ड मुख्यालय से रामपट्टी जाने वाली सड़क में भारी खाई हो जाने से आवागमन में काफी कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

* 211. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमण्डल ढाका-II अंतर्गत थाना ढाका से लहन ढाका पथ में एवं सराठा से जमुआ तथा मठिया से नरकटिया पथ और ढ़ागर टोली से दलपत पथ काफी जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन बंद है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 212. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखण्ड के वीरपुर से पकठौल चौक तक की सड़कें पिछले 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क को कब बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*213. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 1 मार्च, 2011 को जिला पदाधिकारी, अरवल की अध्यक्षता वाली बी०आर०जी० एफ० की बैठक में अरवल जिला के (कुर्था+अरवल विधान-सभा क्षेत्रों) 26 पक्की सड़कों का निर्माण हेतु स्वीकृति मिल चुकी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*214. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत बक्सर-कोचस मुख्य पथ से तियरा भाया बन्नी होते हुए धनसोई तक के पथ की हालत जर्जर हो गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मतीकरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*215. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि राज्य के सभी प्रखण्डों के कार्यालय में नये सिरे से निर्माण कराया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिन्द प्रखण्ड कार्यालय का नये सिरे से भवन तैयार हो गया है, परन्तु अस्थांवां, सरमेरा एवं कतरी सराय प्रखण्ड कार्यालयों का नये सिरे से निर्माण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अस्थांवां, सरमेरा एवं कतरी सराय प्रखंड कार्यालयों को नये सिरे से निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला की मरम्मती

*216. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखण्ड के पंचायत नारायणपुर (टैटा) गाँव में स्टेट ट्यूबवेल चालू अवस्था में है, लेकिन ट्यूबवेल से जल प्रवाह वाले नाला पूर्णत: क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिसके कारण वहां के किसान सिंचाई कार्य से वंचित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों की सिंचाई का लाभ पहुँचाने हेतु उक्त क्षतिग्रस्त नाला की मरम्मती शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध का जीर्णोद्धार

*217. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के बूढ़ी गंडक एवं गंडक नदी का तटबंध विगत् 5 वर्षों से जर्जर स्थिति में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त तटबंध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का पक्कीकरण

*218. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के कल्याणपुर दक्षिण पंचायत में राम बलिराय के घर से कल्याणपुर चौक तक सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सालों भर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है, जिससे आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का जीर्णोद्धार

*219. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखण्ड अधीन दमगड़ा से खनुआँ भाया मेहता टोला जाने वाली आर०ई०ओ० पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिससे किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार इस पथ का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*220. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखण्ड स्थित परिहार रोड में पुल का निर्माण होने के पश्चात् पहुँच पथ पर नहीं बनने के कारण आवागमन को चालू नहीं होने के कारण आम आदमी को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पहुँच पथ का निर्माण कर आवागमन को चालू करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथों का पक्कीकरण

*221. श्री राज कुमार राय-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विथान प्रखण्ड अन्तर्गत विथान से ठठेरवा, विथान से करांची तथा

बिथान से सरवधा जाने वाली ग्रामीण पथ की स्थिति अति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में आम जनता को प्रखण्ड मुख्यालय बिथान में पैदल जाने में भी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों पथों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना पूरा करना

*222. श्री विनय कुमार सिंह-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड के एन०एच० 19 से चित्रसेनपुर-मकदुमपुर ग्राम होते हुए गुलरिया घाट तक वर्ष 2002 में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण हेतु टेंडर एवं कार्य प्रारंभ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 8 वर्ष बीतने के बाद भी यह योजना पूरी नहीं हो पाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधूरी योजना को पूरा कर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंधों की सुदृढ़ीकरण

*223. श्रीमती रंजु गीता-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखण्ड स्थित भटौलिया होकर अधवारा नदी गुजरती है, नदी के दोनों किनारे पर सुरक्षात्मक तटबंध का निर्माण वर्ष 1953-54 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सुरक्षात्मक तटबंधों की मरम्मती निर्माण के बाद आजतक नहीं होने के कारण तटबंधों की स्थिति जर्जर हो गयी है, और नदी के दोनों तरफ का बांध प्राय: मृतप्राय हो चुका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष भीषण बाढ़ आने के कारण जान-माल की क्षति होती है एवं लाखों हेक्टेयर में लगी फसल बाढ़ के कारण बर्बाद हो जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंधों की सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

आवागमन चालू करना

*224. श्री राम लषण राम ''रमण''-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधुबनी बेल्हवाड़ शिवीपट्टी दोस्तपुर होते हुए खजौली प्रखण्ड मुख्यालय तक जाने वाली सड़क में चार जगहों पर बड़ी खाई बनने के कारण आवागमन अवरुद्ध हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार अवरोध को दूर कर आवागमन चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलाशय का निर्माण

*225. श्री विनोद प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत आमस प्रखंड के सिंचाई का साधन सोनदाहा जलाशय है, जो आजतक अपूर्ण है;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनदाहा जलाशय के निर्माण पर अबतक दो किस्तों में 1,40,00,000 (एक करोड़ चालीस लाख) रुपये खर्च हो चुके हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनदाहा जलाशय को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*226. श्री रमेश ऋषिदेव-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखंड से भाया बेलाड़ी होते हुए कुमारखंड प्रखंड का ग्रामीण कार्य विभाग का सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नहर की सफाई

*227. श्रीमती मीना द्विवेदी-- क्या मंत्री, लघु सिंचाई (जल संसाधन) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज प्रखंड के मिश्रौलिया, जीतवारपुर नहर की सफाई विगत 10 वर्षों से नहीं हुई है, जिससे पटवन कार्य बाधित होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त नहर की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

पथ का निर्माण

*228. श्री पवन कुमार जायसवाल-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण स्थित पथ प्रमंडल, मोतिहारी अन्तर्गत घोड़ासहन रेलवे गुमटी से बीरता चौक होते महुआही पथ एवं घोड़ासहन से पुरनहिया-झरौखर रोड तक का पथ काफी जर्जर स्थिति में है तथा जल-जमाव के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का सुदृढ़ीकरण

*229. श्री शालीग्राम यादव-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधवापुर प्रखंड स्थित सलेमपुर से भिनती गाँव तक सड़क निर्माण का कार्य विगत पाँच वर्ष पूर्व शुरू किया गया है, परन्तु कार्य आजतक अधूरा रहने के कारण सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है, अगर हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरा सड़क को पूर्ण कराने एवं जर्जर पथ की सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*230. श्री कन्हैया कुमार-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रजौली प्रखंड के फरका में पंचायत भवन के पास गोड़ धोबा नदी में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण ग्राम टोसोचक, चम्पाकली, मोहमाया, रजवातरी, चमर बीघा, फरका, ईमलिया टांड, माथाडीह एवं अम्बातरी के ग्रामीणों को रजौली प्रखंड मुख्यालय आने में बरसात के दिनों में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार आम जनता के हित में गोड़धोबा नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

-----------

दोषी पर कार्रवाई

*231. डॉ० अच्युतानन्द-- स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 16 जून, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''54 तटबंधों की मरम्मत अब भी पूरी नहीं'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कोशी तटबंध के 54 जगहों पर तटबंध की मरम्मती का कार्य अभीतक पूरा नहीं किया गया है, तथा सारण तटबंध की मरम्मती भी अधूरी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त तटबंध की मरम्मती पूरी नहीं होने की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

योजना में लेना

*232. श्री विनोद नारायण झा-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड में शिवनगर से माधोपुर-बररी होते हुए सिरवारा तक का 10 कि०मी० लम्बाई का जर्जर आर०ई०ओ० पथ 5 वर्ष पूर्व विभागीय अनुशंसा के बावजूद अभीतक नाबार्ड योजना में सम्मिलित नहीं किया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त पथ को नाबार्ड योजना में अभीतक सम्मिलित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

कार्य प्रारम्भ करना

*233. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के लखीसराय प्रखंड के एन०एच० 80 चिमनी भट्ठा से लिंक रोड साविकपुर, सामनडीह, दामोदरपुर तक एन०बी०सी०सी० द्वारा निर्माणाधीन पथ विगत डेढ़ वर्षों से बंद है, यदि हां, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*234. श्री कृष्ण नन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के तपोबन-वजीरगंज पथ पर ग्राम सुखे बिगहा से खड़हुआ होते हुए ग्राम चवा-पचरूखी तक की पथ का पक्कीकरण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*235. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौरा प्रखंड के रसुलपुर बाजार से शिवगंज होते हुए सलिमापुर जानेवाली पथ काफी जर्जर हो चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क के खराब हो जाने से प्रखंड के दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

रैम्प बनाना

*236. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बरूही ग्राम के नजदीक गंडक नदी का बांध वर्ष 2007 में टूट गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बांध मरम्मती के दौरान बांध के अन्दर के तरफ से बोल्डर पीचिंग कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि बोल्डर पीचिंग के चलते वहां के किसानों, वृद्धों, बच्चों व खासकर महिलाओं को पर्व के अवसर पर एवं अन्य दिनों में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बांध पर अन्दर से रैम्प बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मत

*237. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एन०एच० 110 से गोलापुर-पपरनौसा एवं रसलपुर-मनारा पथ की स्थिति एकदम जर्जर होने से आवागमन बाधित है, यदि हां,तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मता कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*238. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखंड के बकुनिया दरभंगा सीमा से प्रताहा होते हुए छटवन घाट तक आवागमन के दृष्टिकोण से बहुत ही महत्त्वपूर्ण सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क कच्ची सड़क रहने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*239. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रानी एन० एच० 28 से अरबा पथ रानी चौक से शिबू टोल पथ (प्रखंड बछवाड़ा) पूर्णतः जर्जर है एवं आवागमन बाधित है, यदि हां, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निविदा प्रकाशित करना

*240. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अतिथि गृह में 5 कमरे के अलावा छः कमरे अतिरिक्त अतिथि गृह के लिए स्वीकृति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापांक 787, दिनांक 20 जनवरी, 2011 के द्वारा दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कमरे का निर्माण हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर अप्रील, 2011 में निविदा प्रकाशित करना था, लेकिन अभीतक निविदा प्रकाशित नहीं हुआ है, यदि हां, तो इसमें विलम्ब का क्या औचित्य है ?

---------

पदस्थापन करना

*241. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला स्थित ट्यूबवेल डिवीजन आरा में 09 कनीय अभियंता के स्वीकृत पद के विरुद्ध मात्र एक कनीय अभियंता तथा 04 एस०डी०ओ के स्वीकृत पद के विरुद्ध मात्र एक एस०डी०ओ० के पदस्थापित रहने के वजह से जिला में सिंचाई कार्य बाधित हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित रिक्त पदों पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*242. श्रीमती सुनिता सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के परशुरामपुर, देमा, मेलवार, कोरा हरिबंश, कन्हौली गजपति गांव का नलकूप 15 (पन्द्रह) वर्षों से खराब है जिसके कारण किसानों का खेती नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो सरकार उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट बनाना

*243. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड के बबुरिया खंड शहर तेलपा पइन में पुराना फॉल में स्लूईस गेट नहीं रहने से सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पइन में स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मत

*244. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत बाधीबरडीहा मोड़ से वारिसलीगंज पथ, खरौट से वारिसलीगंज, सरकट्टी मोड़ से सुभानपुर, वारिसलीगंज कत्तरपुर पथ, वारिसलीगंज बाईपास पथ में जहां-तहां खतरनाक गड्ढे हो गये हैं, जिससे वाहनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*245. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सीतामढ़ी रीगा-ढेंग पथ, सुप्पी, बैरगनिया, पूर्वी चम्पारण एवं नेपाल के रौतहट जिला के लोगों का सीतामढ़ी आने-जाने का एक मात्र मुख्य मार्ग है, जिसकी निविदा तीन साल पहले निकाला गया था एवं संवेदक द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया गया लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है;

(2) यदि उपयुक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रीगा-ढेंग पथ का निर्माण शीघ्र कराते हुए संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तटबंध की मरम्मती

*246. श्री शिवजी राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबन प्रखंड के मेलवा पंचायत के चम्पारण तटबंध के 28वें कि०मी० मनपुरवा में 28 लाख की लागत से बांध की मरम्मती का कार्य वर्ष 2009 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बांध का निर्माण अपसाईड पश्चिम में कराया गया है जिसके कारण कटाव हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तटबंध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य प्रारंभ करना

*247. श्री हरि नारायण सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखंड के ग्राम पंचायत नुरनगर के ग्राम ललुआडीह में जमीनदारी तटबंध का सुदृढ़ीकरण हेतु बख्तियारपुर-बाढ़ प्रमंडल के स्तर से एक वर्ष पूर्व प्राक्कलन बनाकर विभाग को भेजा गया है, जो अभीतक लंबित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध की प्रशासनिक स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, हां, तो, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*248. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के बड़हिया प्रखंड के कमरपुर मोड़ से बड़हिया भाया दरोक रोड एन०एच० 80 से पाली होते हुए शेखपुरा-बरबीघा रोड नहीं बनने से बड़हिया टाल क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सड़क बनाने का विचार रखती है,हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जाँच कराना

*249. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2007-08 में गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले (बी०पी०एल०) परिवार वालों को आवास उपलब्ध कराने हेतु निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के बेगूसराय जिला, भोजपुर जिला, शेखपुरा जिला एवं अररिया जिला आदि जिलों में वित्तीय वर्ष 2007 से 2009 तक राज्य के उक्त जिलों में 435 गैर-बी०पी०एल० परिवार वालों को उक्त योजना के तहत 1.01 करोड़ रुपये उक्त अवधि में दिये गए हैं जो सरकारी नियम के प्रतिकूल है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस बिन्दु की उच्चस्तरीय जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सायफन का निर्माण

*250. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड के गड़हनी, राजवाहा, पीरो स्टेशन गुमटी से सारोपुर के बीच बना 1.2 सायफन ध्वस्त हो गया है, जिससे पटवन कार्य बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सायफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*251. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत नालन्दा-सौरे-वेन पथ में पैमार नदी के पूरब एवं दूसरा नीरपुर गांव के पश्चिम पानी निकास हेतु क्षतिग्रस्त छिलका के स्थान पर पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों स्थान पर छोटा पुल नहीं होने से बरसात के दिनों में जल-जमाव के चलते वाहनों का परिचालन बाधित हो जाता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*252. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में अन्य विभागों से भवन निर्माण कार्य हेतु भवन निर्माण विभाग को पिछले पांच वर्षों में 150 करोड़ से अधिक राशि प्राप्त हुए है, परन्तु अभीतक कोई भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार प्राक्कलन एवं लागत मूल्य में वृद्धि रोकने हेतु समयबद्ध योजना के तहत् अन्य विभागों से प्राप्त कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*253. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के पंचायत मोहनपुर के ग्राम हसनपुर के निकट जुलाहा बाहा से कोठी ढाला, हकीमाबाद चौक, नवादा चौक, सिक्कर ढाला, बुढ़ी गण्डक नदी के दायें तटबंध, दरियापुर होते हुए रसलपुर ढाला की ओर जाने वाले सड़क का निर्माण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मत

*254. डॉ० दाऊद अली--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव रेलवे स्टेशन से महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय तक पथ जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का मरम्मतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पहुंच पथ बनाना

*255. श्री संजय सिंह टाइगर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के उदवंत नगर प्रखंड के घोड़ पोखर गांव में नदी पर एक करोड़ 80 लाख रुपये लागत से पुल का निर्माण कर जून, 2011 में उद्घाटन कर दिया गया है, परन्तु उक्त वर्णित पुल के दोनों तरफ से पहुंच पथ का निर्माण नहीं होने के कारण पुल पर वाहनों का आवागमन नहीं हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल के दोनों तरफ पहुंच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*256. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला कल्याणपुर प्रखंड अन्तर्गत चकिया-केसरिया पी०डब्लू०डी० रोड से राजपुर मेला चौक से साहेबगंज को जोड़ने वाली ग्रामीण कच्ची सड़क जो 150 फीट चौड़ी है, जो काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण जनहित में कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन बनाना

*257. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत दुर्गापुर में सामुदायिक भवन का निर्माण हेतु स्थानीय लोगों द्वारा पांच वर्ष पूर्व जिलाधिकारी, कटिहार से लिखित अनुरोध किया है, जिसका कार्यान्वयन अभीतक नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार उक्त स्थान पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*258. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली बाजार से मोहनपुर होते हुए ग्राम शेर तक और मांझा सरकारी अस्पताल से ग्राम कर्णपुरा पी०डब्लू०डी० रोड तक जाने वाली सड़क ग्रामीण कार्य विभाग की पुरानी सड़क है जो बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार इन दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बांध का जीर्णोद्धार

*259. श्री बृज किशोर बिन्द--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत चैनपुर प्रखंड के ग्राम डीह भुजैना के दक्षिण शिउरगढ़ बांध टूट जाने से पांच गांवों का सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बांध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पहुंच पथ बनाना

*260. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज प्रखंड के खाड़ी से परमानंदपुर जाने वाली सड़क में रहटा के पास मुख्य मंत्री सेतु का निर्माण एक वर्ष पूर्व किया गया है, लेकिन अभीतक उक्त सेतु पर पहुंच पथ (एपरोच) का निर्माण नहीं किया गया है,यदि हां, तो सरकार उक्त पथ पर पहुंच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*261. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी अनुमंडल मुख्यालय से बखरी ढाला तक नाला नहीं रहने के कारण जल-जमाव की स्थिति सालोभर बनी रहती है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नाला का निर्माण कर गंदा पानी की निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*262. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय सम-विकास योजना अन्तर्गत नालन्दा जिला चयनित है, जिसके अन्तर्गत ग्राम्य अभियंत्रण संगठन की खराब सड़कों को जीर्णोद्धार करने की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक ग्राम्य अभियंता संगठन कार्य प्रमंडल, हिलसा के अन्तर्गत थरथरी से बड़ी छरियारी (2.5 कि०मी०) हिलसा-नूरसराय पथ से प्रतापपुर तथा जमालपुर, परवलपुर से गौरव नगर (3 कि०मी०) की स्थिति अत्यन्त जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी सड़कों को उक्त योजना के अन्तर्गत जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*263. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य पथ पर गोड़ारी पुल से सकला तक भाया हरिहरपुर, चौगाई की पथ काफी जर्जरावस्था में रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 20 जुलाई, 2011 (ई०) ।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

---------

बि०स०मु० (एल०ए०), 25--डी०टी०पी०--450--